**देश के जिला मुख्यालयों को एस०टी०डी० सुविधायें**

2454. **श्रीमती सुषमा स्वराज :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के उन जिला मुख्यालयों की संख्या कितनी है जहां एस.टी.डी. सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं की गई है तथा ऐसे जिलों और उनके राज्यों के नाम क्या हैं; और

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किया है; यदि हां, तो देश के सभी जिला मुख्यालयों में एस.टी.डी. सुविधा कब तक उपलब्ध कर दी जाएगी?

**संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) :** (क) देश में एस. टी. डी. सुविधा विहीन जिला मुख्यालयों की संख्या 70 है जिसका विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है। **(नीचे देखिए)**

(ख) जी हां 1 मार्च 1992 तक।

**विवरण**

देश में अभी तक निम्नलिखित जिला मुख्यालयों में एस.टी.डी. सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है :

| | |
|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश : | 1. अणिनी 2. अलोंग 3. देपोरिजो 4. सेप्पा 5. तवांग 6. जिरो |
| असम : | ग्वालपाड़ा, उत्तर लकीमपुर, मंगल दोई, नालबाड़ी, नौगांव, तेजपुर, मोरेगांव, धामजी |
| बिहार : | गोडडा, लोहारदगा, गुमला, साहिबगंज, अररिया |
| गुजरात : | हिम्मतनगर |
| हरियाणा : | कुरुक्षत्र, |
| हिमाचल प्रदेश : | कालपा, किलोंग, कुल्लू |
| महाराष्ट्र : | बीड, बुल्ढाना |
| मध्य प्रदेश : | गुना, दमोह, शिवपुरी; झबुआ, मांडला, बेतुल, सहडोल, शाहजापुर, सिधी, टीकमगढ़, पन्ना छत्तरपुर, नरसिंहपुर, राजगढ़ |
| मणिपुर : | बिसनपुर, तमलौंग, थोबुल |
| नागालैंड : | त्वेनसांग, बोखा |
| सिक्किम : | गेगिज, मोनगांव, नामचा |
| तमिलनाडू : | कुड्डालूर |
| उत्तर प्रदेश : | कोपेश्वर, नई टिहरी, उत्तरकाशी; फिरोजाबाद, फरुखाबाद, सिद्धार्थनगर, झांसी, सोनभद्र, महाराजगंज |
| पश्चिम बंगाल : | बांकुरा, बेरहामपुर, जलपाईगुड़ी |
| **संघ राज्य क्षेत्र** | दिव; कारनिकोबार |
| जम्मू और कश्मीर : | बदगांव, डोडा, कारगिल, लेह, पुंछ, पोलवामा, राजौरी |